# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट— महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट—www.sssc.uk.gov.in ई—मेल—chayanayog@gmail.com)



पत्रांकः— 288 /गोपन/2025—26 दिनांकः 01 सितम्बर, 2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या—69/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 28 मार्च, 2025 में विज्ञापित **सहायक लेखाकार/रिकॉर्ड कीपर—कम—स्टोर कीपर (अभिलेखपाल)/कार्यालय सहायक तृतीय (लेखा)/कैशियर/डाटा एण्ट्री ऑपरेटर** के कुल **63** रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया। आयोग की परीक्षा कार्यक्रम 166/गोपन(परीक्षा)/2025—26 दिनांक 24 जुलाई, 2025 के अनुसार उक्त परीक्षा दिनांक **07 सितम्बर, 2025(रविवार)** को एकल पाली में **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00** बजे तक आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 01 सितम्बर, 2025 से आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। समस्त अभ्यर्थी अपना प्रवेश—पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेगें। अभ्यर्थियों को किसी अन्य माध्यम (जैसे—डाक इत्यादि) से प्रवेश—पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। विशेष रूप से अवगत कराना है कि अभ्यर्थियों को उनके आवेदन—पत्र में दी गयी परीक्षा केन्द्र की वरीयता के अनुसार निकटतम परीक्षा केन्द्र आवंटित किये गये हैं।

समस्त अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड किये गये प्रवेश—पत्र पर बार—कोड भी अंकित हो। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश—पत्र एवं फोटो युक्त पहचान पत्र अपने साथ लाना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में मौसम अनुकूल न होने के कारण अभ्यर्थी परीक्षा से पूर्व ससमय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव।

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. महानिदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, देहरादून।
2. श्री अशोक नेगी, प्रोग्रामर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव।